**न्यायालय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश–प्रथम**
**–सह–विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति**
**(अत्याचार निवारण), अधिनियम पूर्णियाँ**
**C.A. Spl. SC/ST Case No. 11 /2024**
**C.I.S No. 11/2024**
**प्रमिला देवी बनाम महादेव कामत वगैरह**

| Date of Order | Order with initials of the Court | Action taken by office with date |
|---|---|---|
| **03-06-2026** | परिवादनी प्रमिला देवी अनुपस्थित है। बार–बार पुकार किया गया। सत्र के अंत तक पुकार करने पर भी न तो स्वयं परिवादनी और न ही इनके विद्वान अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित हुए। सम्पूर्ण अभिलेख का अवलोकन किया। अवलोकन से विदित है कि परिवादनी प्रमिला देवी द्वारा कथित घटना के संबंध में परिवाद पत्र में नामित अभियुक्तों के विरूद्ध यह परिवाद वाद दर्ज कराया गया है और परिवादी प्रायः स्वयं अनुपस्थित रहे है। अभिलेख वास्ते जांच साक्ष्य हेतु लंबित है और अंतिम अवसर तक दिया जा चुका है। माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा क्रिमिनल रिवीजन संख्या–461/2024 में पारित आदेश दिनांक 15.07.2025, *राहुल कुमार बनाम बिहार राज्य,* में परिवाद वाद में जॉच कार्रवाई निर्धारित समय में पुरा करने का आदेश दिया गया है। चूंकि परिवादी विगत तिथियों में प्रायः स्वयं अनुपस्थित रहे है और आज भी हाजरी पैरवी नहीं है। ऐसी स्थिति में, यह स्पष्ट है कि परिवादी पक्ष को प्रस्तुत मामले में इस परिवाद वाद को आगे बढ़ाने में अब कोई रूचि (interest) नहीं रह गया है। तदनुसार इस परिवाद वाद को खारीज (Dismissed) किया जाता है। कार्यालय नियमानुसार इस निष्पादित अभिलेख को दाखिल दफ्तर करें।<br><br>लेखापित<br>ह0/–<br>(नरेन्द्र कुमार)<br>विशेष न्यायाधीश | |

| | |
|---|---|
| Date of order | 03.06.2026 |
| Date of reserving order | ----- |
| Uploading date | 04.06.2026 |
| Uploaded by | Chandan Singhaniya<br>C.R.-cum-D.W. |